**Tender Fees :**
By Bank DD, Rs. 1000/-

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,

(मानद विश्वविद्यालय)

**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड, जयपुर-302002**

**फर्म का नामः** ............................................

**पताः** ............................................

............................................

## निविदा प्रपत्र

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है

   उसका नाम : **Rate Contract for Printing Works with Paper**

2. निविदादाता का पूरा नाम एवं पता : ......................................................................

   ......................................................................................................

3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर।

4. निविदा शुल्क की राशि रूपये .............. का डिमाण्ड ड्राफ्ट, संख्या ....................

   दिनांक ................. द्वारा जमा करा दिये गये है ।

5. धरोहर राशि .............. रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर ............... दिनांक .............. का निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में जमा करा दी है ।

6. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)

**राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर**
(मानद विश्वविद्यालय)
**भारत सरकार द्वारा संस्थापित)**
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़,**
**जयपुर–302002 (राजस्थान)**
**निविदा शर्ते**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यूयों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्दती से बिमारियों का ईलाज करता है, जो **Rate Contract For Printing Works with Paper** के लिए बाजार में कार्यरत फर्मो से सम्पूर्ण विवरण सहित ई-निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरी जावेगी।

| **क.सं.** | **कॉन्ट्रेक्ट का नाम** | **निविदा अनुमानित लागत** | **धरोहर राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | Rate Contract for Printing Works with Paper | 50,00,000/– | 1,00,000/– |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी –

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **तिथि एवं समय** |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रांरभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 28-04-2022<br>2:00 PM बजे से |
| 2. | प्री–बिड मीटिंग तिथि एवं समय | 04-05-2022<br>2:00 PM बजे से |
| 3. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एंव समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 19-05-2022<br>2:00 PM बजे तक |
| 4. | निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि | 19-05-2022<br>2:00 PM बजे तक |
| 5. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20-05-2022<br>2:00 PM बजे |

2. निविदादाता को धरोहर राशि 1,00,000/– का बैंक ड्राफ्ट निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर रोड़, जोरावरसिंह गेट जयपुर-302002 (राजस्थान) के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. MSMEs और Startups को निविदा शुल्क, निविदा धरोहर राशि, अनुभव समय सीमा तथा न्यूनतम टर्नऑवर में छूट प्रदान की जायेगी। उक्त में छूट प्राप्त करने के् संबंध में निविदादाता फर्म को तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ उद्योग आधार तथा उद्यम आधार अथवा SSI Registration प्रमाण पत्र Upload करना अनिवार्य है।
4. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा। वेबसाईट से डाउनलोड किये गये निविदा फार्म शुल्क राशि 1,000/– का डी.डी. निदेशक राष्ट्रीय

आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम बनाया जाकर धरोहर राशि के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क वापस नहीं दिया जावेगा तथा निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 19-05-2022 को मध्यान्ह पश्चात् 2:00 बजे तक रहेगी ।

5. निविदा की Pre-Bid Meeting इच्छुक/संभावित निविदादाताओं के साथ संस्थान में दिनांक 04.05.2022 को 2:00 PM बजे रखी जायेगी।सभी इच्छुक/संभावित निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे Pre-Bid Meeting से पहले या उसके 24 घंटे के भीतर लिखित में अपने सुझाव या प्रतिवेदन, अगर कोई हो तो संस्थान की Email ID: store-nia-rj@gov.in या nia-rj@nic.in पर भेजें ।
6. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्-पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी जो **CPP Portal** पर **Online** भरी जायेगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें जो ऑनलाइन ही अपलोड करने होंगे।
7. **निविदादाता फर्म का जयपुर शहर में कार्यालय होना अनिवार्य है। निविदादाता को अपने स्वयं का टाईप सेटिंग/कम्प्यूटरीकृत प्रोसेसिंग एवं मुद्रण का पूर्ण सेट–अप जयपुर शहर में होने के संबंध में दस्तावेज अथवा शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, इसके अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।**
8. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में विगत तीन वर्षो की आई0टी0आर0, विगत तीन वर्षो का टर्नऑवर (सी.ए. से सत्यापित या सी. के. लेटरहैड पर), PAN Card की प्रति, सरकारी कार्यालयों में कार्यानुभव (सरकारी कार्यालयों द्वारा जारी वर्क ऑर्डर या कार्यानुभव प्रमाण पत्र) जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र/जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, फर्म के ब्लेकलिस्टेड ना होने का लेटरहैड पर प्रमाण–पत्र या 100/–रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टॉप पेपर पर शपथ पत्र इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
9. निविदादाता का पिछले 3 वर्षो का न्यूनतम वार्षिक टर्नऑवर 50,00,000/– (अक्षरे: रूपये पचास लाख प्रतिवर्ष) होना आवश्यक है, जिसके संबंध में निविदादाता को तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ सी.ए. से सत्यापित पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
10. निविदादाता द्वारा दरें निर्धारित **BOQ** में **Online** अंकों एवं शब्दों में **Online CPP Portal** पर भरनी होगी । निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।
11. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान क्रय समिति के समक्ष दिनांक 20-05-2022 को 2:00 PM बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
12. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा में स्वीकृत दर के मूल्य का 3 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं 500/–के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा उसके बाद ही रेट कॉन्ट्रेक्ट आदेश दिया जावेगा। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
13. सफल निविदादाताओं द्वारा आदेश में अंकित दरों के अन्तर्गत कार्य करना होगा । आदेशित कार्य न करने पर धरोहर राशि व अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
14. **Rate Contract** का भुगतान मासिक, संतोषप्रद आपूर्ति की रिपोर्ट प्राप्त होने पर किया जा सकेगा।
15. फर्म द्वारा संतोषप्रद एवं आदेशानुसार कार्य नहीं करने पर टेण्डर (निविदा) निरस्त किया जा सकता है।

16. निविदा खुलने के बाद निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरें एवं शर्तों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो संस्थान को अमानत एवं सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा तथा फर्म पर जीएफआर अनुसार कार्यवाही की जावेगी। फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
17. निविदा की फाइनेन्सियल बिड खोलने पर सभी आइटमों में जिस फर्म की ऑवरआल दरें न्यूनतम होगी उसी फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा।
18. न्यूनतम दर होने के आधार पर रेट कॉन्ट्रेक्ट करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये संस्थान बाध्य नही होगा। यदि न्यनूतम दर एक से अधिक फर्मो की आती है, तो ऐसी स्थिति में फर्मो का विगत तीन वर्षो का टर्नओवर, कार्य अनुभव, तथा केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों एवं सरकारी उपक्रमों में सप्लाई करने का अनुभव जिसका अधिक एवं कार्य प्रफोरमेन्स जिसकी जितनी अच्छी होगी मूल्यांकन किया जाकर न्यूनतम दर तय की जावेगी।
19. प्राप्त निविदा को किसी भी समय, बिना सूचना के पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान निदेशक को होगा ।
20. निविदा में अंकित दरें एक वर्ष के लिए मान्य होगी ।यदि फर्म का कार्य सन्तोषजनक पाया जाता है तो मुद्रण कार्य मय पेपर के रेट कॉन्ट्रेक्ट आपसी सहमति से निदेशक महोदय की स्वीकृति उपरान्त अधिकतम 3 वर्ष तक एक-एक वर्ष या उसके किसी भाग के लिए अवधि वृद्धि की जा सकेगी तथा रेट कॉन्ट्रेक्ट की अवधि घटाये एवं बढ़ाने जाने का अधिकार श्रीमान निदेशक महोदय का होगा।
21. निविदा में स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिया गया आदेशित कार्य पूर्ण होने पर प्रफोरमेन्स सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जायेगी।
22. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।
23. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते।
24. अनुमोदित दरों की समीक्षा समय-समय पर की जायेगी। बाजार दरें न्यून पाये जाने की स्थिति में अंतिम निर्णय निदेशक महोदय द्वारा लिया जायेगा।
25. मुद्रण कार्य मय पेपर की सप्लाई संस्थान मांग के अनुसार करनी होगी तथा मुद्रण एवं पेपर की गुणवत्ता आदेशानुसार होनी चाहिए, अगर मुद्रण कार्य मय पेपर की गुणवत्ता आदेशानुसार नहीं हुई या उसमें कोई कमी हुई तो उसी वक्त सफल निविदादाता को तुरन्त बदलकर देनी होगी, अन्यथा उसके बिल में से राशि कम कर दी जावेगी।
26. मुद्रण कार्य मय पेपर की आदेशानुसार मात्रा पूरी होनी चाहिए।
27. आवश्यक होने पर निविदादाता फर्म को आदेशानुसार ऑन-कॉल (दूरभाष के माध्यम से) भी मुद्रण कार्य करना होगा।
28. दरों के न्यून होने के आधार पर संस्थान मुद्रण कार्य मय पेपर के रेट कॉन्ट्रेक्ट करने के लिए बाध्य नहीं होगा।
29. दरें शुद्ध रूप से देनी होगी। अलग से किसी भी प्रकार का डिस्काऊन्ट आदि न दर्शायें, जो भी कमी करनी है दरों में ही कमी करके दर्शायें।
30. दरों के साथ GST पृथक् रूप से अंकित होनी चाहिए, अंकित ना होने की स्थिति में दरें GST सहित (With GST) मानी जायेगी

31. निविदादाता को समय-समय पर मांग के अनुसार मुद्रित पेपर अथवा माल निर्देशित स्थान पर अपने स्वयं के खर्चे पर पहुंचानी होगा। इस हेतु किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा ।
32. फर्म द्वारा संन्तोषप्रद कार्य/सप्लाई नहीं करने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार संस्थान को होगा।
33. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस. राशि काटी जायेगी, जिसके लिये फर्म को निविदा के साथ पेन कार्ड की प्रति अपलोड करनी होगी।
34. मुद्रित माल की आपूर्ति करते समय रास्ते में टूट-फूट एवं फटने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
35. **आवश्यकता की अनुमानित लागत की संपूर्ण प्रिंटिंग के लिए संस्थान बाध्य नही होगा। यह केवल अनुमानित लागत है, जो प्रिंटिंग सीमा की आवश्यकतानुसार घटाई-बढ़ायी जा सकती है तथा इसमें निविदादाता का कोई तर्क नही सुना जायेगा।**
36. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ।

**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

मैनें/हमने उपरोक्त समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तो की पालना हेतु बाध्य हूँ/हैं ।

**हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर**